हरिभूमि

विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 15 अगस्त 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

07

बारिश के बाद सागर मार्ग पर सफर हुआ जोखिम भरा, सड़क गड्ढों से बढ़ी वाहन चालकों की परेशानी



खबर संक्षेप

सेंट मैरी पीजी कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स ने निकाली तिरंगा रैली

विदिशा। स्वतंत्रता दिवस के पूर्व सेंट मैरी पीजी महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने तिरंगा रैली निकाली। रैली कॉलेज परिसर से पीतल मिल चौराहा तक गई। 14 एमपी बटालियन के कमांडिंग अधिकारी कर्नल अंशुभान सिंह, एडम अफसर लेफ्टिनेंट कर्नल सनी वैध, संचालक फादर सिन्टो वर्गिस, प्राचार्य डॉ. धीरेंद्र सचान एवं एनसीसी अधिकारी कैप्टन रामानंद मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित रैली में एनएसएस स्वयंसेवकों सहित छात्र-छात्राओं ने उत्साह से भाग लिया। कैडेट्स ने राष्ट्रभक्ति के नारे लगाए और लोगों से हर घर तिरंगा अभियान के तहत घरों पर तिरंगा लगाने की अपील की। इस दौरान महाविद्यालय का स्टाफ भी मौजूद रहा।

शुष्क दिवस घोषित

विदिशा। स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को जिले में शुष्क दिवस घोषित करने का आदेश कलेक्टर अंशुल गुप्ता के द्वारा जारी कर दिए गए है। जारी आदेश में उल्लेख है कि 15 अगस्त शनिवार को विदिशा जिले की समस्त देशी, विदेशी मदिरा दुकानों से मदिरा क्रय, विक्रय एवं मद्य भण्डारगारों से मदिरा परिवहन निषिद्व किया गया है। कलेक्टर श्री गुप्ता ने जिला आबकारी अधिकारी को जारी आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए है। जारी आदेश का तामीली वृत्त से संबंधित लायसेंसो में कराने हेतु भी निर्देशित किया गया है।

उपस्थिति के निर्देश

विदिशा। स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के मुख्य समारोह में सभी अधिकारियों, कर्मचारियों को उपस्थित होने के निर्देश प्रसारित किए गए है। इसी प्रकार आमजनों से अपील की गई है कि पुलिस परेड ग्राउंड पर सुबह 9 बजे झंडावंदन के समय अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं।

सूने गोदाम में चोरी का कोतवाली पुलिस ने किया खुलासा

विदिशा। तलैया मोहल्ले में सूने गोदाम में हुई चोरी का कोतवाली पुलिस ने खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को अभिरक्षा में लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 65 हजार रुपए कीमत का चोरी गया मशरूका बरामद किया है। इसमें दो पीपा घी, दो बोरी मगज, एक बोरी शोप और एक बोरी राई शामिल है। पुलिस के अनुसार 13 अगस्त को फरियादी सचिन अरोड़ा निवासी स्वर्णकार कॉलोनी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपियों की पहचान की गई। पुलिस ने आमिर शेख (26), रवि पाल (26) और नीरज वाल्मीकि (23), सभी निवासी विदिशा, को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की और चोरी का सामान बरामद किया।

जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाले 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के आनंद विभाग (स्वतंत्र प्रभार) राज्यमंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे। उक्त कार्यक्रम पुलिस परेड ग्राउण्ड पर आयोजित किया जाएगा।

मुख्य समारोह स्थल पुलिस परेड़ ग्राउंड पर मिनिट टू मिनट आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा इस प्रकार से है। 15 अगस्त की सुबह 8.58 बजे मुख्य अतिथि का आगमन, नौ बजे राष्ट्रगीत (वंदे मातरम) का गायन, 9.04 बजे ध्वजारोहण एवं राष्ट्र गान एवं परेड़ द्वारा सलामी, 9.07 बजे परेड का निरीक्षण एवं परेड द्वारा मार्च पास्ट, प्रातः 9.30 बजे मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन, सुबह 9.55 बजे मुख्य अतिथि द्वारा बधाई संदेश का वाचन, 10 बजे से छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां, 10.21 बजे पुरस्कार वितरण, 10.30 बजे राष्ट्रगीत (वंदे मातरम) का गायन, 10.35 बजे राष्ट्रगान एवं मंचीय कार्यक्रम का समापन किया जाएगा।

तिरंगा ट्रैक्टर रैली से गूंजा विदिशा, किसानों ने दिया देशभक्ति और कृषि विकास का संदेश

विदिशा। कृषि क्षेत्र में नवाचार, आधुनिक तकनीकों और किसानों की समृद्धि का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से विदिशा जिला कृषि उपज मंडी में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव 2026 की शुरुआत भव्य तिरंगा ट्रैक्टर रैली के साथ हुई। रैली में बड़ी संख्या में किसानों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाते हुए देशभक्ति और कृषि विकास का संदेश दिया। तिरंगा ट्रैक्टर रैली विवेकानंद चौराहे से प्रारंभ हुई। तिरंगे से सजे ट्रैक्टरों के साथ किसान उत्साह और उमंग के साथ रैली में शामिल हुए। रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी और लोगों के बीच देशभक्ति के साथ-साथ किसानों की भूमिका तथा कृषि के महत्व का संदेश पहुंचाया। रैली में विदिशा विधायक मुकेश टंडन ट्रैक्टर चलाकर शामिल हुए। उनके साथ अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी रैली में सहभागिता निभाई। जनप्रतिनिधियों और किसानों की सहभागिता से रैली का उत्साह और बढ़ गया। तिरंगा ट्रैक्टर रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए मिर्जापुर स्थित कृषि उपज मंडी पहुंची, जहां बलराम कृषि महोत्सव के मुख्य कार्यक्रम स्थल पर इसका समापन हुआ। रैली के दौरान किसानों में खासा उत्साह देखने को मिला। ट्रैक्टरों पर लहराते तिरंगे और किसानों की बड़ी भागीदारी ने पूरे आयोजन को आकर्षक एवं देशभक्ति से ओतप्रोत बना दिया।



बलराम कृषि महोत्सव: मिर्जापुर स्थित कृषि उपज मंडी में हुआ भव्य कार्यक्रम

उमड़ा किसानों का सैलाब, उन्नत खेती और कृषि नवाचारों पर किया सीधा संवाद

- किसानों से की जैविक खेतों को बढ़ावा देने की अपील।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



विदिशा। मिर्जापुर मंडी में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी।

किसानों को आधुनिक एवं उन्नत कृषि तकनीकों से जोड़ने, नवीनतम कृषि जानकारी उपलब्ध कराने और खेती को अधिक लाभकारी बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को मिर्जापुर मंडी में बलराम कृषि महोत्सव 2026 का आयोजन किया गया।

जिले के विभिन्न विकासखंडों से करीब चार हजार किसान एवं उन्नतशील कृषक महोत्सव में शामिल हुए। किसानों ने कृषि नवाचारों, आधुनिक तकनीकों, कृषि यंत्रों और शासकीय योजनाओं की जानकारी उत्साहपूर्वक प्राप्त की।

किसान हितैषी योजनाओं से बढ़ेगी किसानों की आय

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विदिशा विधायक मुकेश टंडन ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वर्ष 2026 को कृषि वर्ष घोषित किया है। इसका उद्देश्य किसानों को खेती से जुड़ी सुविधाएं सहजता से उपलब्ध कराना और उनकी आय बढ़ाने के लिए आधुनिक कृषि पद्धतियों को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने मुख्यमंत्री द्वारा हाल में किसानों के हित में लिए गए निर्णयों और संचालित योजनाओं की जानकारी भी साझा की।

जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने किसानों से कृषि क्षेत्र में हो रहे नवाचारों को अधिक से अधिक खेतों तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने जैविक खेती को बढ़ावा देने के प्रयासों पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम की प्रस्तावना किसान मोर्चा संघ के महामंत्री कप्तान सिंह यादव, मध्यप्रदेश खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के उपाध्यक्ष डॉ. राकेश जादौन तथा श्यामसुंदर शर्मा ने रखी।

उन्नतशील किसानों से किया सीधा संवाद

महोत्सव में विभिन्न क्षेत्रों से आए उन्नतशील किसानों से सीधा संवाद किया गया। खरीफ, रबी और जायद फसलों की उन्नत तकनीक, उत्पादन बढ़ाने, लागत कम करने तथा खेती में आने वाली समस्याओं पर चर्चा हुई। कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को रोग एवं कीट प्रबंधन, एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन, मृदा स्वास्थ्य और संतुलित उर्वरक उपयोग की जानकारी दी।

महोत्सव में कृषि, पशुपालन, आजीविका मिशन, उद्यानिकी, मत्स्य पालन और आत्मा परियोजना सहित विभिन्न विभागों एवं संस्थाओं ने प्रदर्शनी और जानकारी केंद्र लगाए। इफको पीएनबी ट्रेनिंग सेंटर सहित निजी क्षेत्र की संस्थाओं ने भी स्टॉल लगाए, जहां किसानों को कृषि आदानों, तकनीकी संसाधनों और आधुनिक पद्धतियों की जानकारी मिली। आधुनिक कृषि यंत्रों की प्रदर्शनी किसानों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र रही। विशेषज्ञों ने मशीनरी के उपयोग से श्रम एवं उत्पादन लागत कम करने तथा समय की बचत के बारे में जानकारी दी।

वैज्ञानिकों ने बताए खेती के नए तरीके

गंजबासौदा कृषि महाविद्यालय से आए कृषि वैज्ञानिकों ने फसलवार तकनीकी सलाह देते हुए उत्पादन और गुणवत्ता बढ़ाने के उपाय बताए। किसानों को बदलते कृषि परिदृश्य के अनुरूप तकनीक अपनाने, मृदा परीक्षण के आधार पर उर्वरकों का संतुलित उपयोग करने तथा रोग-कीट की समय पर पहचान कर प्रभावी प्रबंधन के लिए प्रेरित किया गया। महोत्सव में किसानों को पशुपालन, उद्यानिकी, मत्स्य पालन सहित कृषि आधारित गतिविधियों से अतिरिक्त आय के स्रोत विकसित करने की जानकारी भी दी गई। आयोजन किसानों, वैज्ञानिकों और विभागीय अधिकारियों के बीच ज्ञान एवं अनुभव साझा करने का प्रभावी मंच बना।

जिला अभिभाषक संघ ने निकाली भव्य तिरंगा यात्रा देशभक्ति के रंग में रंगा शहर

आज सुबह 8 बजे जिला अभिभाषक संघ कार्यालय में होगा ध्वजारोण

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



स्वतंत्रता दिवस के पूर्व शुक्रवार को जिला अभिभाषक संघ विदिशा के तत्वावधान में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। दोपहर 2 बजे जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष खिलान सिंह रघुवंशी एवं सचिव राजनारायण तिवारी के नेतृत्व में निकली इस यात्रा में जिला अभिभाषक संघ के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

तिरंगा यात्रा में अधिवक्ता जीप एवं दोपहिया वाहनों के साथ शामिल हुए। इस दौरान डीजे पर देशभक्ति के गीतों के बीच अधिवक्ताओं ने तिरंगा लहराते हुए भारत माता के जयकारे लगाए। यात्रा ने शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए देशभक्ति का संदेश दिया। यात्रा जिला अभिभाषक संघ कार्यालय से प्रारंभ होकर मेन मार्केट, माधवगंज और पीतलमील चौराह होते हुए जिला अभिभाषक संघ के नवीन भवन पहुंची, जहां यात्रा का समापन हुआ। समापन अवसर पर अधिवक्ता भूपेंद्र सिंह राजपूत द्वारा स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई। जिला अभिभाषक संघ के सचिव राजनारायण तिवारी ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को सुबह 8 बजे जिला अभिभाषक संघ कार्यालय में अध्यक्ष खिलान सिंह रघुवंशी द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। कार्यक्रम में संघ के सभी सम्माननीय अधिवक्ता उपस्थित रहेंगे। इसके पश्चात अभिभाषक संघ द्वारा सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा।

दंपती से लूट का खुलासा, चार आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने आरोपियों से डेढ़ लाख रुपए का माल बरामद किया, सभी को भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

गुलाबगंज रोड पर कानीखेड़ी गांव के पास दंपती से हुई लूट की वारदात का देहात बासौदा पुलिस ने खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब डेढ़ लाख रुपए कीमत का मशरूका बरामद किया है। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार 11 अगस्त की रात करीब 9 बजे विदिशा निवासी भीमसिंह रैकवार अपनी पत्नी के साथ गुलाबगंज से विदिशा लौट रहे थे। कानीखेड़ी के पास चार बदमाशों ने उन्हें रोक लिया और लूट की वारदात को अंजाम दिया। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की।

साक्ष्यों से आरोपियों तक पहुंचे

पुलिस ने विशेष टीम गठित कर तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपियों की पहचान की। 13 अगस्त को सूचना के आधार पर पुलिस ने आकाश अहिरवार (25), निखिल अहिरवार (20), रवि अहिरवार (21) और अनिल अहिरवार (27), सभी निवासी विदिशा, को गिरफ्तार कर लिया।

आरोपियों के कब्जे से चांदी की हाय, सोने का पेंडिल, मंगलसूत्र के मोती, मोबाइल फोन और वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की गई। कार्रवाई एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन में एएसपी मोनिका तिवारी और एसडीओपी गंजबासौदा शिखा भलावी के मार्गदर्शन में की गई।

सनातन श्री हिंदू उत्सव समिति चुनाव की तैयारियां पूर्ण बिना पहचान पत्र के मतदान की अनुमति नहीं दी जाएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

- महिला एवं पुलिस बल की तैनाती भी की जाएगी।

सनातन श्री हिंदू उत्सव समिति के चुनाव की तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं। 16 अगस्त को अग्रवाल धर्मशाला स्थित तारा देवी हॉल में सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक मतदान होगा।


मतदान के पश्चात मतगणना की प्रक्रिया शुरू होगी और उसी दिन अध्यक्ष पद के परिणाम की घोषणा की जाएगी।मुख्य चुनाव अधिकारी एडवोकेट संतोष शर्मा ने सभी मतदाताओं से अपील की है कि मतदान के लिए आते समय अपना एक वैध पहचान पत्र अनिवार्य रूप से साथ लेकर आएं।

पहचान के लिए आधार कार्ड या पैन कार्ड सहित मान्य पहचान पत्र स्वीकार किया जाएगा। बिना पहचान पत्र के मतदान की अनुमति नहीं दी जाएगी। चुनाव शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो, इसके लिए प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा की जा चुकी है। आवश्यकतानुसार महिला एवं पुरुष पुलिस बल की तैनाती की व्यवस्था भी की जा रही है। सभी मतदाता समय पर पहुंचे, अपना पहचान पत्र साथ लाएं और शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से मतदान प्रक्रिया में सहभागिता करें। सबकी नजर मतदान के दिन पर टिकी हुई है।

कुरवाई में राज्यसभा सांसद रजनीश अग्रवाल का स्वागत, बाइक रैली में उमड़ा जनसैलाब



कुरवाई। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं नव-निर्वाचित राज्यसभा सांसद रजनीश अग्रवाल के प्रथम बार कुरवाई नगर आगमन पर विधायक हरिसिंह सप्रे के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। मेहलुआ चौराहे रघुवंशी ढाबे सहित भाजपा के मंडलों एवं कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इसके पश्चात बाइक रैली के माध्यम से रजनीश अग्रवाल नगर में पहुंचे। जहां पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष रेखा जगदीश साहू के घर पर शॉल श्रीफल से स्वागत किया गया। इसके बाद विधायक कार्यालय पहुंचने पर विधायक हरिसिंह सप्रे के नेतृत्व में शॉल, श्रीफल एवं गदा भेंट कर रजनीश अग्रवाल का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर रजनीश अग्रवाल ने कहा कि कुरवाई उनके लिए अपने घर-आंगन जैसा है और वे विधायक हरिसिंह सप्रे के साथ सदैव कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहेंगे। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष महाराज सिंह दांगी, मंडल अध्यक्ष राजेश लोधी, सीताराम सैनी, एल्डर मेन जगदीश साहू, विक्रम सिंह हरिसिंह चौहान आदि मौजूद रहे।





स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं





प्रशांत कटियार
हरिभूमि लटेरी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं





व्यंकटेशवर कंट्रक्शन
कम्पनी लटेरी

यंकटेशवर (बब्लू) रघुवंशी

ग्राम पंचायत चॉंदबड़

80 वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं

गुमान सिंह
सरपंच

सीताराम यादव — सचिव
वीरेन्द्र मीना — रोजगार सहायक

ग्राम पंचायत शहरखेड़ा

80 वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं

हरपाल सिंह जादौन
सरपंच

मोहनदास त्यागी — सचिव
जिलेश धाकड़ — रोजगार सहायक

ग्राम पंचायत जरसेना

80 वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं

बलवीर सिंह यादव
सरपंच

नेपाल सिंह यादव
रोजगार सहायक

ग्राम पंचायत पठेराचांडू

80 वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं

गुमान सिंह — सरपंच
वीरन यादव — सरपंच प्रतिनिधि
रघुवीर सिंह बंजारा — सचिव
संतोष कुमार अहिरवार — रोजगार सहायक

ग्राम पंचायत वापचा

80 वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं

विनोद कुमार अहिरवार
सरपंच

सीताराम यादव — सचिव
नीरज सिंह बघेल — रोजगार सहायक

ग्राम पंचायत बरखेड़ाघोसी

80 वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं



राजन धाकड़ — सरपंच
बलबीर धाकड़ — सचिव

ग्राम पंचायत टोंकरा

80 वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं

श्रीमति ताजवर जहाँ — सरपंच
भैया मियाँ — सरपंच प्रतिनिधि
जगदीश धाकड़ — सचिव
रिंकी शर्मा — रोजगार सहायक

ग्राम पंचायत ईसरवास

80 वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं

श्रीमति निहालदे बाई
सरपंच

देवेन्द्र सिंह रघुबंशी — सचिव
दीपक शर्मा — रोजगार सहायक

ग्राम पंचायत वनारसी

80 वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं

श्रीमति आरती बाई
सरपंच

सैयद उस्मान शाह — सचिव
भगवान सिंह अहिरवार — रोजगार सहायक

ग्राम पंचायत आनन्दपुर

80 वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं

श्रीमति सुन्दर बाई
सरपंच

पीतम सिंह कुशवाह — सचिव
पप्पू सिंह विश्वकर्मा — रोजगार सहायक

ग्राम पंचायत जमोनिया कलॉ

80 वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं

श्री हरिवल्लभ शर्मा
सरपंच

मानकचंद साहू — सचिव
चन्द्रमोहन नामदेव — रोजगार सहायक

ग्राम पंचायत जमोनिया कलॉ

80 वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं

श्रीमति राजकुमारी बैरागी
सरपंच

दलपत सिंह जाट — सचिव
मोहनदास बैरागी — रोजगार सहायक

ग्राम पंचायत मलनिया

80 वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं

रईस खॉन
सरपंच

बलबीर सिंह धाकड़ — सचिव
जमील खाँ — रोजगार सहायक

शराब ठेकेदार लटेरी

80 वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं



प्रो. हिमालया ट्रेडर्स प्रा.लि.

दक्षिण रेंज लटेरी

80 वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं



रेंजर
विवेक चौधरी

उत्तर रेंज लटेरी

80 वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं



रेंजर
अरविन्द अहिरवार

मण्डी समिति लटेरी

80 वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं



कृषि उपज मण्डी समिति लटेरी
मण्डी सचिव
गब्बर सिंह सिसोदिया

प्राईवेट डॉक्टर्स एसोसिएशन ब्लाक लटेरी

80 वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं



ग्राम पंचायत अगरा पठार

80 वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं

चंपालाल यादव
सरपंच

पहलवान सिंह सेन — सचिव
प्रकाश यादव — रोजगार सहायक

ग्राम पंचायत सेमरीअहीर

80 वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं

फूलसिंह यादव
सरपंच



भुवनेशवर शर्मा
सचिव

खबर संक्षेप

स्वतंत्रता दिवस पर भारत माता की महाआरती

रायसेन। स्वतंत्रता दिवस पर शहर के सांची रोड स्थित माता मंदिर चौराहा पर भारत माता की भव्य महाआरती का आयोजन किया जा रहा है। श्रीरामनवमी भव्य शोभायात्रा समिति की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शहरवासियों के शामिल होने की अपील की गई है। समिति की सफलता के 12वें वर्ष के अवसर पर भी विशेष रूप से किया जा रहा है। कार्यक्रम में भारत माता की आरती के साथ देशभक्ति का वातावरण निर्मित किया जाएगा।

हाथों में तिरंगा थामे निकले विद्यार्थी और जनप्रतिनिधि



दीवानगंज। हर घर तिरंगा अभियान के तहत शुक्रवार को सांची विकासखंड के पीएमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दीवानगंज से भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। हाथों में तिरंगा लेकर बड़ी संख्या में विद्यार्थी, शिक्षक, जनप्रतिनिधि और ग्रामीण देश भक्ति के नारों के साथ यात्रा में शामिल हुए। करीब 5 किलोमीटर लंबी यात्रा के दौरान पूरा दीवानगंज क्षेत्र राष्ट्रभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। तिरंगा यात्रा में क्षेत्रीय विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। यात्रा पीएम श्री विद्यालय से शुरू होकर हाईवे-18, फैक्ट्री चौराहा, तालाब होते हुए भवानी चौक स्थित राम-जानकी मंदिर एवं एकीकृत कन्या शाला परिसर पहुंची, जहां कार्यक्रम का समापन किया गया। तिरंगा यात्रा में शासकीय विद्यालयों के साथ-साथ निजी स्कूलों के विद्यार्थी भी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

उपभोक्ता सेवा शिविर में 64 शिकायत हुई निराकृत

रायसेन। मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा शुक्रवार को शहर में 'महा संपर्क अभियान' के तहत उपभोक्ता सेवा शिविर का आयोजन किया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं की त्वरित सुनवाई कर उनका मौके पर ही निराकरण करना था। शिविर की महत्ता को देखते हुए प्रमुख सचिव ऊर्जा मध्य प्रदेश शासन मनीष सिंह, प्रबंध संचालक मध्य क्षेत्र ऋषि गर्ग एवं मुख्य महाप्रबंधक भोपाल बृजभान सिंह परिहार ने स्वयं शिविर स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

सड़क के गड्ढे, बढ़ा वाहन चालकों को दर्द, जिम्मेदार अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

बारिश के बाद सागर मार्ग पर सफर हुआ जोखिम भरा, सड़क गड्ढों से बढ़ी वाहन चालकों की परेशानी

नगर के मुखर्जी नगर गेट से लेकर पाटनदेव तक सड़क के बिगड़े हालात

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शहर में हुई कहीं रिमझिम तो कहीं तेज बारिश के बाद शहर की सड़कों की हालत लगातार खराब होती जा रही है। जिम्मेदार विभाग के अधिकारियों की अनदेखी लापरवाही का आलम यह है कि मेनगेट मुखर्जी नगर कॉलोनी के सामने मारुति नंदन मंदिर पाटनदेव के नजदीक और बीजेपी जिला कार्यालय के सामने भोपाल रोड़ की सड़क पर जगह-जगह बड़े और गहरे गड्ढे हो गए हैं। इनमें बारिश का पानी भरने से वाहन चालकों को गड्ढों की गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता। ऐसे में दोपहिया तीन पहिया वाहन चालकों के साथ पैदल राहगीरों के लिए भी हादसे का खतरा बना हुआ है।

मजे की बात तो यह है कि माननीय का कार्यालय भी इसी मार्ग पर है। इनका कार्यालय आना जाना वाहन से इसी सड़क से होता है, क्या इनको यह सब नजर नहीं आता। वाहन चालक परेशान है और माननीय गण जानकार भी अनजान बने हुए है।

पाटनदेव होकर जाने वाली मुख्य सड़क की हालत सबसे ज्यादा खराब है। इस सड़क से क्षेत्र की कई कॉलोनियां जुड़ती हैं। सड़क पर बने गड्ढों और जलभराव के कारण स्कूल कॉलेज जाने आने वाले विद्यार्थियों के साथ स्थानीय दुकानदार और रहवासी भी परेशान हैं। इसी तरह सागर भोपाल तिराहे से आगे भाजपा कार्यालय के नजदीक पीडब्ल्यूडी सड़क की हालत भी खराब है। यहां बारिश के बाद सड़क के बड़े हिस्से में पानी भर जाता है। वाहन चालकों को गड्ढों से बचकर निकलना पड़ता है, जिससे कई बार जाम जैसी स्थिति भी बन जाती है।

नागरिकों ने उठाई मांग- खानापूर्ति नहीं स्थाई समाधान चाहिए, ताकि रुक सके सड़क हादसे







मरम्मत के बजाय स्थाई समाधान की उठाई मांग

रहवासियों राजकुमार जाटव लखपत धाकड़, अर्जुन कुशवाह का कहना है कि बारिश के दौरान गड्ढों में मुरम या गिट्टी डालकर अस्थायी रूप से समस्या दूर करने के बजाय सड़क का स्थायी निर्माण कराया जाना चाहिए। लगातार खराब होती सड़क के कारण वाहन चालकों के साथ पैदल राहगीरों की सुरक्षा भी खतरे में है। स्थानीय लोगों ने नगर पालिका और लोक निर्माण विभाग रायसेन और संबंधित विभाग से मांग की है कि शहर की प्रमुख और कॉलोनियों को जोड़ने वाली सड़कों का सर्वे कराकर गड्ढों को भरने के साथ ही स्थायी रूप से सड़क का निर्माण कराया जाए। ताकि बारिश के मौसम में लोगों को परेशानी से राहत मिल सके। मालूम हो कि विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी की ड्रीम फोरलेन चौड़ीकरण सड़क का निर्माण और लाइटीकरण लगभग 23 करोड़ रुपए की लागत से लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया गया था।

कैसे निकलें कॉलोनीवासी सड़कों पर गड्ढों की भरमार

शहर की अशोक नगर, अवंतिका कॉलोनी सहित पटेल नगर मुखर्जीनगर शिवोम नगर कॉलोनी से मुख्य सागर भोपाल राजमार्ग को जोड़ने वाली मुख्य सड़क के हाल-बेहाल हैं बारिश में सड़क पर कीचड़ और जलभराव से बढ़ी परेशानी। वार्ड 11, 12 की मुख्य कालोनियों एवं आसपास की कॉलोनियों को जोड़ने वाली मुख्य सड़क का निर्माण कहीं अधूरा पड़ा होने से रहवासियों की परेशानी बढ़ गई है। बारिश के मौसम में अधूरी सड़क पर जगह-जगह कीचड़ और बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। इनमें पानी भरने से सड़क से निकलना मुश्किल हो गया है। दोपहिया वाहन चालक गिरकर चोटिल हो रहे हैं, जबकि पैदल चलने वालें भी परेशानी झेल रहे हैं।

मुख्य सड़क में तीन-चार फीट चौड़ा गड्ढा बना परेशानी

इन दोनों क्षेत्रों की सड़क पर कई जगह बड़े गड्ढे हो गए हैं। कुछ स्थानों पर सड़क के बीच करीब तीन चार फीट चौड़े गड्ढे होने से वाहन चालकों को काफी संभलकर निकलना पड़ रहा है। कई दफे बारिश के दौरान इन गहरे गड्ढों में लबालब पानी भर जाता है। वाहन चालकों को इनकी गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता। अचानक वाहनों के पहियों में धंस कर क्षतिग्रस्त हो जाते हैं।

परेशानी झेल रहे लोग

कॉलोनीवासियों के अनुसार सड़क का निर्माण कई महीनों से चल रहा है।लेकिन अब तक काम पूरा नहीं और अशोक नगर और आसपास की कॉलोनियों के रहवासी इसी मार्ग से रोजाना आवागमन करते हैं। सड़क के अधूरे निर्माण और कीचड़ के कारण बच्चों को स्कूल जाने में अधिक समय लग रहा है। बुजुर्गों के लिए भी घर से निकलना मुश्किल हो गया है।

राहत की जगह आफत बनी

रहवासियों का कहना है कि सड़क निर्माण शुरू होने के समय उन्हें राहत की उम्मीद थी। लेकिन काम बेहद धीमी गति से होने के कारण अब यही सड़क आफत बन गई है। सड़क को बीच में ही अधूरा छोड़ दिया गया है। कहीं सड़क ऊंची तो कहीं नीची होने से वाहन लेकर निकलना भी मुश्किल है। बारिश का पानी सड़क पर ही जमा होने से गड्ढों की गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता। लोगों ने जिम्मेदारों से जल्द समाधान की मांग की है।

इनका कहना है

नागरिकों की शिकायत मिलने पर मुखर्जी नगर कॉलोनी के मेन गेट के पास पेवर ब्लॉक से सड़क के गड्ढों की भराई करवा दी है। बारिश के बाद विभाग पेचवर्क कराएगा।

- **वीके सूत्रकार,** ईई, लोक निर्माण विभाग रायसेन

कक्षाओं में पहुंचकर परखी विद्यार्थियों की विषयवार समझ

एसडीएम ने पीएमश्री स्कूल का निरीक्षण किया, विद्यार्थियों से पूछे विषयवार सवाल

पढ़ाई और शिक्षण व्यवस्था की ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले पीएमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दीवानगंज में शुक्रवार सुबह रायसेन एसडीएम मनीष शर्मा ने औचक निरीक्षण किया। एसडीएम के अचानक विद्यालय पहुंचने से स्कूल प्रबंधन और शिक्षकों में सक्रियता दिखाई दी। उन्होंने कक्षाओं में पहुंचकर विद्यार्थियों से सीधे संवाद किया और विषयवार सवाल पूछकर उनके शैक्षणिक स्तर को परखा।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम मनीष शर्मा ने विद्यार्थियों से अलग-अलग विषयों से संबंधित प्रश्न पूछे। उन्होंने बच्चों की विषयों को लेकर समझ, पढ़ाई के स्तर और कक्षा में कराई जा रही शिक्षण गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। विद्यार्थियों से सवाल-जवाब से उन्होंने यह जानने का प्रयास किया कि उन्हें पाठ्यक्रम की कितनी समझ है और कक्षाओं में पढ़ाई किस तरह कराई जा रही है।

एसडीएम ने विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था का जमीनी स्तर पर जायजा लेते हुए विद्यार्थियों से उनकी पढ़ाई से जुड़ी समस्याओं और सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने बच्चों के साथ संवाद कर पढ़ाई के प्रति रुचि और सीखने की क्षमता को समझने का प्रयास किया।



अचानक निरीक्षण से मचा हड़कंप

एसडीएम के औचक निरीक्षण से विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों में भी हलचल रही। अधिकारियों के सीधे कक्षाओं में पहुंचकर विद्यार्थियों से सवाल करने से स्कूल में पढ़ाई व्यवस्था की वास्तविक स्थिति सामने आई। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य विद्यालय में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों, विद्यार्थियों की पढ़ाई और उन्हें उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जमीनी स्थिति की जानकारी लेना रहा।

निरीक्षण को स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था की गुणवत्ता सुधारने और विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

राज्यमंत्री और कलेक्टर ने खरगौन में शासकीय स्कूल का किया भ्रमण

विद्यार्थियों से संवाद कर शैक्षणिक कार्य और व्यवस्थाओं की ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शुक्रवार को मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल तथा कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा द्वारा ग्राम पंचायत खरगौन में शास.एकीकृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का भ्रमण कर विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद किया। राज्यमंत्री पटेल ने विद्यार्थियों से अध्यापन कार्य, विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं, शैक्षणिक गतिविधियों, मध्यान्ह भोजन के संबंध में जानकारी ली।

उन्होंने विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करने, नियमित विद्यालय आने तथा अपने लक्ष्य निर्धारित कर पूरी मेहन और लगन से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

विद्यार्थियों के साथ संवाद के राज्यमंत्री श्री पटेल तथा कलेक्टर द्वारा विद्यार्थियों के साथ बैठकर मध्यान्ह भोजन ग्रहण किया।

इस दौरान एसपी आशुतोष गुप्ता, जिला पंचायत सीईओ कमल सोलंकी सहित जिला एवं विकासखंड स्तर के अधिकारियों, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी विद्यार्थियों के साथ बैठकर मध्यान्ह भोजन किया। स्वास्थ्य राज्यमंत्री श्री पटेल ने अधिकारियों, प्राचार्य तथा शिक्षकों से कहा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ पौष्टिक भोजन और बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिकता है। उन्होंने विद्यालय में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा, अनुशासन, खेलकूद को बढ़ावा देने पर जोर दिया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं विद्यालय के शिक्षकों ने विद्यालय की शैक्षणिक एवं अन्य गतिविधियों की जानकारी दी।



भोपाल-विदिशा हाईवे पर दो हादसे, सड़क से नीचे उतरे ट्रक

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

भोपाल-विदिशा हाईवे 18 पर शुक्रवार को दो अलग-अलग स्थानों पर हादसे होते-होते टल गए। दोनों घटनाओं में भारी वाहन अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गए। गनीमत रही कि कोई हादसा नहीं हुआ। पहली घटना में ट्रक का अचानक पहिया फूट गया, जिससे ट्रक अनियंत्रित हो गया और सड़क से नीचे उतरकर मिट्टी में धंस गया। अचानक ट्रक के नियंत्रण से बाहर होने से मौके पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। हालांकि ट्रक के पलटने या किसी दूसरे वाहन से टकराने से पहले ही स्थिति संभल गई और बड़ा हादसा टल गया।

वहीं दूसरी घटना प्लाईवुड फैक्ट्री के पास हुई, जहां एक 14 चक्का ट्रक अनियंत्रित होकर हाईवे से नीचे उतर गया और पुलिया की ओर जा पहुंचा। ट्रक पुलिया में गिरने से बाल-बाल बच गया।

मुख्य समारोह में स्वास्थ्य राज्यमंत्री पटेल करेंगे ध्वजारोहण

आज आन, बान और शान से लहराएगा तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिले में स्वतंत्रता दिवस समारोह शनिवार को हर्षोल्लास और गरिमामय माहौल में उत्साह के साथ मनाया जाएगा। जिला मुख्यालय रायसेन में सागर रोड स्थित होमगार्ड परेड मैदान पर आयोजित मुख्य समारोह में प्रदेश के लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल सुबह 9.04 बजे ध्वजारोहण करेंगे। इसके बाद राष्ट्रगान और परेड की सलामी होगी। समारोह स्थल पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का सीधा प्रसारण भी किया जाएगा।

समारोह की शुरुआत सुबह 9 बजे मुख्य अतिथि मंत्री पटेल के आगमन से होगी। 9.15 बजे मुख्य अतिथि परेड का निरीक्षण करेंगे और इसके बाद मार्च पास्ट होगा। 9.25 बजे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का सम्मान किया जाएगा। 9.30 बजे मुख्यमंत्री का जनता के नाम संदेश का सीधा प्रसारण होगा।

इसके बाद सुबह 10.02 बजे स्वास्थ्य राज्यमंत्री पटेल बधाई संदेश का वाचन करेंगे। 10.04 बजे आकाश में गुब्बारे छोड़े जाएंगे। 10.07 बजे स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। समारोह में पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी, स्काउट और एसएएफ के जवान परेड में शामिल होंगे। सुबह 10.30 बजे उत्कृष्ट कार्य करने वालों को पुरस्कार वितरित किए जाएंगे। 10.45 बजे राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान के बाद 10.50 बजे मुख्य अतिथि




स्वतंत्रता दिवस समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल संपन्न

जिले में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। नगर के होमगार्ड परेड मैदान पर आयोजित जिला स्तरीय समारोह में स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ध्वजारोहण करेंगे। शुक्रवार को होमगार्ड परेड मैदान पर अपर कलेक्टर मनोज उपाध्याय तथा एएसपी दीपक नायक की उपस्थिति में स्वतंत्रता दिवस समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल की गई। इस दौरान उन्होंने स्वतंत्रता दिवस समारोह प्रारंभिक तैयारियों से लेकर अंतिम चरणों तक होने वाले सम्पूर्ण कार्यक्रमों की रूपरेखा देखी।



समस्त जिलेवासियों को
80 वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं



संध्या गोपाल सिंह किरार
सरपंच

अभय गुर्जर
सचिव

हीरेश चंद्रवंशी
रोजगार सहायक

ग्राम पंचायत समनापुर कलां जनपद पंचायत गैरतगंज

समस्त जिलेवासियों को
80 वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं



श्रीमति ललिता सर्जन सिंह पटेल
सरपंच



शिवराज सिंह
सचिव

ग्राम पंचायत घाना जनपद पंचायत गैरतगंज

समस्त जिलेवासियों को
80 वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं



श्रीमति कलाबाई अहिरवार
सरपंच



मुकेश अहिरवार
सरपंच प्रतिनिधि



रामभरोसे यादव
सचिव

ग्राम पंचायत सहजपुर जनपद पंचायत गैरतगंज

समस्त जिलेवासियों को
80 वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं



लाल सहाब कुशवाह
सरपंच



सुनीराय
सचिव

ग्राम पंचायत बासादेही

समस्त जिलेवासियों को
80 वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं



काशीराम यादव (नीतेश पटेल)
सरपंच



रामकुमार तिवारी
सचिव

ग्राम पंचायत ग्राम पंचायत सईदपुर जनपद पंचायत गैरतगंज

समस्त जिलेवासियों को
80 वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं



श्रीमति सुनीता बाई
सरपंच



श्री बृजभूषण चौबे
सचिव

ग्राम पंचायत देवरीगंज जनपद पंचायत गैरतगंज

समस्त जिलेवासियों को
80 वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं



श्री राजेश विश्वकर्मा
सरपंच



श्री कैलाश तिवारी
सचिव



दुर्गेश विश्वकर्मा
रोजगार सहायक

ग्राम पंचायत बासादेही

समस्त जिलेवासियों को
80 वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं




श्रीमति पार्वती बाई
सरपंच




ब्रज भूषण चौबे
सचिव

ग्राम पंचायत सईदपुर जनपद पंचायत गैरतगंज

समस्त जिलेवासियों को
80 वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं



श्रीमति विद्यादेवी गौर
सरपंच



राकेश विश्वकर्मा
सहायक सचिव

ग्राम पंचायत देवरीगंज जनपद पंचायत गैरतगंज

समस्त जिलेवासियों को
80 वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं



विक्रम गौर
सरपंच



लक्ष्मी गौर
सचिव

ग्राम पंचायत खुमारी जनपद पंचायत गैरतगंज

समस्त जिलेवासियों को
80 वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं



श्रीमति हल्की बाई
सरपंच



सुरेश धाकड़
सचिव



सुशील जैन
रोजगार सहायक

ग्राम पंचायत बडोली

समस्त जिलेवासियों को
80 वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं



श्रीमति सावित्री बाई
सरपंच



श्री संधीर सिंह लोधी
सचिव

ग्राम पंचायत बनखेड़ी जनपद पंचायत गैरतगंज

समस्त जिलेवासियों को
80 वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं



श्री कामता प्रसाद गुर्जर
सरपंच



रणधीर सिंह लोधी
सचिव

ग्राम पंचायत अधियारी जनपद पंचायत गैरतगंज

समस्त जिलेवासियों को
80 वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं



श्रीमति ऊषा जैन
सरपंच



दीपक दुबे
रोजगार सहायक

ग्राम पंचायत सोडरपुर

समस्त जिलेवासियों को
80 वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं



श्रीमति किरन बाई आदिवासी
सरपंच



भैरो सिंह धाकड़
सचिव

ग्राम पंचायत बम्होरी गोदड

समस्त जिलेवासियों को
80 वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं



श्रीमति भागवती बाई लोधी
सरपंच



मनोज लोधी
सरपंच प्रतिनिधि



रणधीर सिंह लोधी
सचिव

ग्राम पंचायत हिनोतिया खालसा

समस्त जिलेवासियों को
80 वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं



श्रीमति प्रीतम बाई
सरपंच



धनराज गौर
सचिव

ग्राम पंचायत भानपुर गंज

समस्त जिलेवासियों को
80 वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं



श्री निलेश राय
सरपंच

धनराज गौर
सचिव

ग्राम पंचायत रजपुरा

समस्त जिलेवासियों को
80 वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं

समस्त जिलेवासियों को
80 वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं

अपील -

1. पॉलिथीन का उपयोग करों।
